4

**सचिव, खेल विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में दिनांक–07.08.2026 (शुक्रवार) को अपराह्न 04:00 बजे बिहार स्टेट गेम्स 2026 के सफल आयोजन हेतु समीक्षा बैठक की** कार्यवाही

<u>उपस्थिति</u>

1. श्री रवीन्द्रण शंकरण, महानिदेशक–सह–मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना (वीडीओ कॉन्फ्रेंसिंग)।
2. श्री आरिफ अहसन, निदेशक, खेल विभाग।
3. श्री अजय कुमार, अध्यक्ष, बिहार ओलम्पिक संघ।
4. श्री हिमांशु कुमार, उप निदेशक, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना।
5. श्री संजीव कुमार सिंह, सहायक निदेशक, युवा, खेल निदेशालय।
6. श्री संजय कुमार, सहायक निदेशक, क्रीड़ा, खेल निदेशालय।
7. श्री रंजन कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी, खेल विभाग।

<u>कार्यवाही</u>

सर्वप्रथम सचिव, खेल विभाग द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों के स्वागत एवं परिचय के साथ बिहार स्टेट गेम्स 2026 (05 से 12 सितंबर 2026) के एजेंडा के अनुसार बैठक प्रारम्भ की गयी।

<u>उद्घाटन समापन समारोह</u>

बिहार स्टेट गेम्स 2026 के उद्घाटन समारोह के लिए अतिथि के रूप में माननीय मुख्यमंत्री, बिहार तथा उपमुख्यमंत्री, बिहार को आमंत्रित करने हेतु सहमति व्यक्त की गयी। साथ ही साथ यह सुझाव भी दिया गया कि उद्घाटन समारोह में भारतीय ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष को भी बतौर अतिथि आमंत्रित की जा सकती है। प्रतिदिन आयोजित होने वाले खेल प्रतियोगिता के लिए अतिथि के रूप में संबंधित जिला के जिला पदाधिकारी एवं बिहार ओलम्पिक संघ तथा संबंधित राज्य खेल संघ के अध्यक्ष/सचिव/प्रतिनिधि को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया।

**(अनु0–खेल विभाग एवं बिहार ओलम्पिक संघ)**

<u>विधि व्यवस्था, स्वच्छता, चिकित्सा, प्रचार–प्रसार</u>

समीक्षा के क्रम में यह निर्णय लिया गया कि मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में स्वास्थ्य सचिव, परिवहन सचिव, पुलिस महानिदेशक, बिहार तथा संबंधित जिला के जिला पदाधिकारी के साथ इस प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु VC के माध्यम से एक बैठक आयोजित की जाय।

**(अनु0–खेल विभाग)**

<u>टीमों की सूची</u>

बिहार स्टेट गेम्स 2026 में राज्य सरकार एवं बिहार ओलम्पिक संघ से मान्यता प्राप्त अधिकारिक खेल को शामिल किया जायेगा। जिसमें विगत वर्ष आयोजित राज्य स्तरीय सीनियर प्रतियोगिता (2025–26) में भाग लेने वाले व्यक्तिगत खेल स्पर्धा में 1 से 8 स्थान

(3)

प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों तथा टीम गेम में 1 से 8 स्थान प्राप्त करने वाले जिला टीम का नाम एवं खिलाड़ियों की सूची (खेल विधावार संख्या सहित) उपलब्धता के संबंध में अध्यक्ष, बिहार ओलम्पिक संघ के द्वारा यह बताया गया कि संबंधित टीमों की सूची मंगलवार तक खेल विभाग एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण को समर्पित कर दी जायेगी।

**(अनु0—बिहार ओलम्पिक संघ)**

तकनीकी पदाधिकारियों की सूची

समीक्षा के क्रम में अध्यक्ष, बिहार ओलम्पिक संघ के द्वारा यह बताया गया कि संबंधित खेल विधा के लिए आवश्यक तकनीकी पदाधिकारियों का नाम एवं संख्या की सूची मंगलवार तक खेल विभाग एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण को उपलब्ध करा दी जायेगी।

**(अनु0—बिहार ओलम्पिक संघ)**

स्वयंसेवकों की सूची

स्वयंसेवकों की सूची के संबंध में पृच्छा करने पर अध्यक्ष, बिहार ओलम्पिक संघ के द्वारा बताया गया कि स्वयंसेवकों की सूची मंगलवार तक खेल विभाग एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण को उपलब्ध करा दी जायेगी।

**(अनु0—बिहार ओलम्पिक संघ)**

खेल उपस्कर

सचिव, खेल विभाग के द्वारा अध्यक्ष, बिहार ओलम्पिक संघ से खेल विधावार उपयोग होने वाले आवश्यक खेल उपकरण की सूची माँगी गयी ताकि बिहार राज्य खेल प्राधिकरण में पूर्व से रक्षित खेल उपकरण को देखते हुए उपलब्ध कराये जाने वाले अन्य खेल उपकरण पर निर्णय ली जा सके।

इस संबंध में अध्यक्ष, बिहार ओलम्पिक संघ द्वारा बताया गया कि बिहार स्टेट गेम्स 2026 में खेल विधावार उपयोग होने वाले खेल उपकरण की सूची दिनांक—13.08.2026 तक खेल विभाग एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण को उपलब्ध करा दी जायेगी।

**(अनु0—बिहार ओलम्पिक संघ)**

लोगो / मस्कट

इस संबंध में अध्यक्ष, बिहार ओलम्पिक संघ के द्वारा बताया गया कि एजेंसी चयन के उपरान्त ही अंतिम निर्णय ली जायेगी।

**(अनु0—खेल विभाग एवं बिहार ओलम्पिक संघ)**

विभागीय पदाधिकारियों का दायित्व निर्धारण

बिहार स्टेट गेम्स 2026 के सफल आयोजन हेतु व्यापक पैमाने पर जिला खेल पदाधिकारी, एकलव्य प्रशिक्षक, खेलो इण्डिया स्मॉल केन्द्र के प्रशिक्षक तथा अन्य विभागीय कर्मी / पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति करने का निर्णय लिया गया तथा इस संबंध में यथाशीघ्र विभागीय स्तर पर समिति का गठन करते हुए प्रतिनियुक्ति से संबंधित पत्र निर्गत करने का आदेश दिया गया।

**(अनु0—खेल विभाग)**

**प्रतियोगिता**

बिहार स्टेट गेम्स 2026 प्रतियोगिता के आयोजन में भाग लेने वाले खिलाड़ियों/टीमों के बीच स्पर्धा कराने से संबंधित समीक्षा के क्रम में अध्यक्ष, बिहार ओलम्पिक संघ के द्वारा बताया गया कि व्यक्तिगत खेल स्पर्धा में विगत बिहार राज्य चैम्पियनशिप में 1 से 8 स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी तथा टीम गेम में 1 से 8 स्थान करने वाले जिला टीम के मध्य प्रतियोगिता करायी जायेगी। यह प्रतियोगिता टीम गेम में लीग–कम–नॉकआउट के आधार पर की जायेगी।

**(अनु0–बिहार ओलम्पिक संघ)**

**रजिस्ट्रेशन**

एजेंसी के चयनोपरांत रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया प्रारंभ की जायेगी।

**(अनु0–खेल विभाग)**

**बिहार स्टेट गेम्स 2026 के टॉर्च भ्रमण की स्थिति**

समीक्षा के क्रम में यह निर्णय लिया गया कि एजेंसी चयन के उपरान्त राज्य के 38 जिलों में टॉर्च भ्रमण कराया जायेगा।

**(अनु0–खेल विभाग एवं बिहार ओलम्पिक संघ)**

**नाडा की समिति**

नाडा के द्वारा खिलाड़ियों का डोपिंग से संबंधित जाँच के लिए नाडा समिति को बुलाने के सुझाव महानिदेशक–सह–मुख्य कार्यकारी अधिकारी, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण द्वारा दिया गया, जिस पर अध्यक्ष, बिहार ओलम्पिक संघ द्वारा बताया गया कि उक्त जाँच के लिए उपकरण एवं अन्य संसाधन काफी मँहगे होते हैं, जिससे आयोजन से संबंधित बजट बढ़ने का अनुमान है। उक्त के आलोक में महानिदेशक–सह–मुख्य कार्यकारी अधिकारी, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना के द्वारा यह बताया गया कि इस समिति को बुलाने पर कोई अतिरिक्त व्यय नहीं होना है। केवल उस समिति के सदस्यों को आवासन, भोजन एवं यात्रा पर व्यय होना है। अतः नाडा समिति को बिहार राज्य खेल प्राधिकरण द्वारा बुलाने पर सहमति व्यक्त की गयी।

**(अनु0--बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना)**

**नोडल पदाधिकारी की नियुक्ति**

प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए बिहार ओलम्पिक संघ खेल विधावार आयोजित होने वाले खेल संघ से एक–एक नोडल पदाधिकारी का नाम खेल विधावार दिनांक–13.08.2026 तक नामित करते हुए इसकी सूची खेल विभाग एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण को उपलब्ध कराएंगे।

**(अनु0–बिहार ओलम्पिक संघ)**

**बॉलिंग (लॉन बॉल)**

बिहार स्टेट गेम्स 2026 में 22 खेलों के अतिरिक्त बॉलिंग (लॉन बॉल) खेल विधा को शामिल करने पर सहमति व्यक्त की गयी। साथ ही मॉर्डन पेंटाथलॉन के बारे में अध्यक्ष, बिहार ओलम्पिक संघ के द्वारा यह बताया गया कि ओलम्पिक में आयोजित होने वाले

मॉर्डन पेंटाथलॉन में आयोजित मान्य इवेंट ही मान्यता प्राप्त है जकि उत्तराखण्ड में आयोजित राष्ट्रीय खेल 2025 में ओलम्पिक इवेंट के अतिरिक्त दूसरे इवेंट में बिहार को पदक प्राप्त हुए थे, जो ओलम्पिक इवेंट के अनुरूप नहीं है। इस संबंध में निर्णय लिया गया कि मॉर्डन पेंटाथलॉन के राज्य संघ से वार्त्ता के उपरांत ही अंतिम निर्णय ली जायेगी।

**(अनु0—बिहार ओलम्पिक संघ)**

दायित्व

बिहार स्टेट गेम्स 2026 का आयोजन बिहार ओलम्पिक संघ द्वारा खेल विभाग, बिहार के समन्वय से आयोजित की जायेगी। खेल के सफलतापूर्वक संचालन की जिम्मेवारी बिहार ओलम्पिक एसोसिएशन की होगी।

**(अनु0—बिहार ओलम्पिक संघ)**

समिति का गठन

बिहार स्टेट गेम्स 2026 के सफल आयोजन के लिए निदेशक, खेल विभाग की अध्यक्षता में खेल विभाग/खेल निदेशालय तथा बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के पदाधिकारी/कर्मी के साथ प्रतियोगिता के प्रगति से संबंधित विमर्श/परिचर्चा हेतु एक समिति का गठन करने के लिए सचिव, खेल विभाग के द्वारा निदेशित किया गया।

**(अनु0—खेल विभाग/खेल निदेशालय)**

सधन्यवाद, बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

(दीपक आनन्द)
सचिव, खेल विभाग।

ज्ञापांक—3107 पटना, दिनांक—13.8/2026

प्रतिलिपिः— महानिदेशक, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना/अध्यक्ष, बिहार ओलम्पिक संघ/निदेशक, खेल विभाग/संयुक्त सचिव, खेल विभाग/सहायक निदेशक, युवा/सहायक निदेशक, क्रीड़ा/सभी संबंधित पदाधिकारी, खेल विभाग, बिहार, पटना/आई0टी0 मैनेजर, खेल विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(दीपक आनन्द)
सचिव, खेल विभाग।